# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 3800 /02/2022/चयन इन्दौर दिनांक 23 JUN 2023

## //विज्ञप्ति//

### राज्य सेवा परीक्षा 2019 के साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना ।

आयोग के विज्ञापन क्र. 03/2019 दिनांक 14.11.2019 एवं शुद्धिपत्रादि के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागो हेतु राज्य सेवा परीक्षा 2019 के कुल 571 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया था । उक्त पदों के ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि 10.02.2021 निर्धारित थी ।

2/ आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2019 में संशोधित पुनरीक्षित नवीन परीक्षा परिणाम आयोग की विज्ञप्ति क्र. 2313/18/2021/अनु–10 इन्दौर दिनांक 18.05.2023 को मुख्य भाग में कुल अर्ह आवेदक 1460 एवं प्रावधिक भाग में कुल 523 आवेदकों को साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह घोषित किया गया है जिसमें आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ अभिलेख भिजवाने की आयोग कार्यालय में अंतिम तिथि 05.06.2023 निर्धारित की गई थी ।

3/ राज्य सेवा परीक्षा 2019 के साक्षात्कार आयोग कार्यालय में दिनांक **09.08.2023** से आयोजित किए जाना सुनिश्चित किए गए हैं । आवेदन पत्रों की जॉच/संवीक्षा पूर्व आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज की गई जानकारी को तथ्यात्मक रूप से पूर्णतः सही मानकर लिखित परीक्षा में अर्ह समस्त आवेदकों को साक्षात्कार आमंत्रण पत्र प्रेषित किए जाएंगे । उक्त संबंध में उल्लेख है कि :–

"यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं । साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है । चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी ।"

4/ उपरोक्त पद हेतु आयोग द्वारा योग्य आवेदकों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in से दिनांक **01.08.2023** से डाउनलोड कर सकते हैं ।

5/ साक्षात्कार हेतु आमंत्रित आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार दिवस को **प्रातः 09:00** बजे आयोग कार्यालय में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें । समस्त आवेदक साक्षात्कार पत्र में दर्शित शर्तो का गहन परीक्षण कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें।

MKKema

**स्टॉफ ऑफिसर**